पत्र संख्या–वि0व0संग्रह–संग्रह अमीन संघ अधिवेशन/(2020–21)/ 641 /वाणिज्य कर

कार्यालय–कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(संग्रह अनुभाग)

दिनांक :: लखनऊ :: 26 अक्टूबर,2021

समस्त ज्वाइंट कमिश्नर(कार्यपालक),वाणिज्य कर,
20 विभागीय वसूली के जनपद उत्तर प्रदेश।

विषय– उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर संग्रह अमीन संघ के मुख्यालय में आयोजित अधिवेशन/चुनाव दिनांक 13 व 14 नवम्बर, 2021 के संबंध में।

उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर संग्रह अमीन संघ द्वारा उपरोक्त विषय पर सूचित किया गया है कि मुख्यालय में दिनांक 13 व 14 नवम्बर, 2021 (शनिवार एवं रविवार) को संघ का अधिवेशन/चुनाव आयोजित किया जाना है जिसमें संघ के सदस्यगणों द्वारा संघ के पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। उक्त दिनांक को द्वितीय शनिवार व रविवार का अवकाश है। उक्त द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव में सम्मिलित होने के इच्छुक सदस्यों (जो इस संघ के घोषित सदस्य हैं) को दिनांक 13 व 14 नवम्बर,2021 को अधिवेशन/चुनाव में प्रतिभाग करने के लिये मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नियंत्रक अधिकारी द्वारा इस शर्त के साथ प्रदान की जाये कि उनके द्वारा राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन स्तर से कोविड–19 के संबंध में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2. संघ के ऐसे सदस्य जो सेवा से निलम्बित/निष्कासित हैं अथवा अब उत्तर प्रदेशीय वाणिज्य कर संग्रह अमीन संघ के सदस्य नहीं हैं, को उपर्युक्त अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

कृपया इस आशय की सूचना वाणिज्य कर संग्रह अमीनों के स्थानीय पदाधिकारीगणों को भी दे दें और इस आदेश की प्रति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी तुरन्त चस्पा करा दें।

ह0/
(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि–

1. जिलाधिकारी, लखनऊ।
2. पुलिस आयुक्त, लखनऊ।
3. वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी, कमिश्नर कैम्प, वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ।
4. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0।
5. ज्वाइंट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
6. समस्त डिप्टी कमिश्नर (कर वसूली/कर निर्धारण) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
7. नाजिर, मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
8. प्रान्तीय अध्यक्ष/महामत्री, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर संग्रह अमीन संघ, उत्तर प्रदेश, कानपुर/लखनऊ।

26/10/2021
(ज्योति भौत),
ज्वाइंट कमिश्नर (संग्रह),वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।